शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्रमांक:राशिके / मीडिया–वित्त / 2021 / 1721 भोपाल, दिनांक– 26 / 03 / 2021

प्रति,

कलेक्टर एवं
ज़िला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा
समस्त ज़िले,
मध्यप्रदेश

**विषयः– पालकों के मोटिवेशन एवं मेद्यावी विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किये जाने संबंधी।**
**संदर्भ :–पत्र क्रमांक–राशिके / ईएण्डआर / एकीकृत शालानिधि / 2020 / 6989 भोपाल, दिनांक– 10.11.2020**

विषयान्तर्गत कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। उक्त के बिंदु 2 की तालिका के बिंदु 9 में "SMC के सदस्यों को मोटिवेशन यथा जिनके बच्चे की शैक्षणिक सत्र में 95% से अधिक उपस्थित रहते हैं उन्हें कक्षा–1 से 8 में प्रत्येक कक्षा से क्रमशः 01 बालक एवं 01 बालिका के लिए शील्ड, कप एवं प्रमाण पत्र हेतु" प्रति स्कूल रुपये 800 /– प्रदान करने का लेख है।

चूंकि इस वर्ष कोविड–19 की परिस्थिति में शाला संचालन अवरुद्ध है। ऐसी स्थिति में उक्तानुसार कार्यवाही हेतु सर्वाधिक उपस्थिति की गणना की जाना संभव नही होगा। अतः इस वर्ष सर्वाधिक उपस्थिति के स्थान पर प्रतिभा पर्व के परिणाम के आधार पर, कक्षावार सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी एवं उसके पालक को सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार निम्नानुसार कार्यवाही हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें–

1. प्रतिभा पर्व के आयोजन एवं मूल्यांकन संबंधी विस्तृत निर्देश राज्य शिक्षा केन्द्र के पत्र क्रमांक–राशिके / मूल्यांकन / 2020 / 8331 भोपाल, दिनांक–18 / 12 / 2020 से प्रदत्त हैं। उक्त के अनुसार वार्षिक परिणाम के आधार, कक्षावार सर्वाधिक उपलब्धि वाले विद्यार्थी का चयन, शाला प्रमुख द्वारा किया जाये।
2. यह चयन प्राथमिक शालाओं में कक्षा 1 से 5 तक सभी कक्षाओं में सर्वाधिक उपलब्धि वाले विद्यार्थी के रुप में प्रति कक्षा 1 विद्यार्थी के मान से कुल 5 विद्यार्थी, माध्यमिक शालाओं में कक्षा 6 से 8 तक सभी कक्षाओं में सर्वाधिक उपलब्धि वाले विद्यार्थी के रुप में प्रति कक्षा 1 विद्यार्थी के मान से कुल 3 विद्यार्थी, एवं कक्षा 1 से 8 की संयुक्त माध्यमिक शालाओं में कक्षा 1 से 8 तक सभी कक्षाओं में सर्वाधिक उपलब्धि वाले विद्यार्थी के रुप में प्रति कक्षा 1 विद्यार्थी के मान से कुल 8 विद्यार्थी, के रुप में किया जायेगा। इसी प्रकार एक परिसर एक शाला वाली एकीकृत शालाओं में कक्षा 1 से 5 तक प्राथमिक शाला के मान से तथा 6 से 8 तक माध्यमिक शाला के मान से कक्षाओं की गणना कर विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा।
3. प्रतिभा पर्व 2020–21 के गतिविधि कैलेण्डर के अनुसार, कक्षोन्नति हेतु वार्षिक परिणाम की घोषणा एवं प्रगति पत्रक विद्यार्थियों को वितरित करने की तिथि 31 मार्च के दिवस, उक्त चयनित विद्यार्थियों के साथ उनके पालकों / अभिभावकों को भी शाला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में एसएमसी सदस्यों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्मानित किया जाये।
4. उक्त सम्मान के रुप में विद्यार्थी उपयोगी स्टेशनरी सामग्री यथा स्लेट, कॉपी, पेन, पेंसिल, स्कैच पेन, ड्राइंग पेंटिंग सामग्री, स्कैच बुक, कम्पाक्स बाक्स (Geometry Box) आदि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये जा सकते हैं। प्रमाण पत्र की सुझावात्मक शब्द सामग्री परिशिष्ट–1 एवं 2 पर संलग्न है। विद्यालय स्थानीय स्तर पर उक्तानुसार रंगीन आकल्पन / डिजाइन तैयार कर प्रमाण पत्र तैयार कर सकते हैं। प्रमाण पत्र, अन्य विद्यार्थी उपयोगी स्टेशनरी

–2.

सामग्री हेतु क्रय प्रक्रिया एवं व्यय की कार्यवाही संदर्भित पत्र क्रमांक– 6989 दिनांक–10/11/2020 के अनुसार की जाए। क्रय प्रक्रिया के भण्डार क्रय नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

5. इस हेतु प्रति स्कूल रुपये 800/–मात्र की राशि, शाला प्रबंधन समिति के खाते में पृथक से प्रदान की जा रही है। इस राशि की कक्षावार विद्यालयवार गणना निम्नानुसार की जायेगी–

**1. प्राथमिक शाला** – कक्षा 1 से 5 तक, प्रति कक्षा 160/–रुपये मात्र अधिकतम

**2. माध्यमिक शाला** – कक्षा 6 से 8 तक, प्रति कक्षा 267/– रुपये मात्र अधिकतम

**3. संयुक्त माध्यमिक शाला** – कक्षा 1 से 8 तक, प्रति कक्षा 100/–रुपये मात्र अधिकतम

**4. एक परिसर एक शाला वाले हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूल** – कक्षा कक्षा 1 से 8 तक, प्रति कक्षा 100/–रुपये मात्र अधिकतम तथा कक्षा 6 से 8 तक, प्रति कक्षा 267/– रुपये मात्र अधिकतम

(क्रमांक 3 एवं 4 वाली शालाओं में अतिरिक्त राशि की आवश्यकता होने पर विद्यालय, अतिरिक्त राशि/पुरुस्कार जनसहयोग से प्राप्त कर सकते हैं जिसका विधिवत रिकार्ड संधारित किया जाए)

कृपया नियमानुसार उक्त कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु सर्व संबंधितों को निर्देशित करने का अनुरोध है।

26/3/21

(जयश्री कियावत)
आयुक्त
राज्य शिक्षा केन्द्र

पृ.क्रमांक:राशिके/मीडिया–वित्त/2021/1722 भोपाल, दिनांक– 26/03/2021

1. निज सचिव, माननीय मंत्री म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग की ओर सूचनार्थ।
2. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग की ओर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, लोकशिक्षण संचालनालय म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
4. आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
5. आयुक्त, समस्त राजस्व संभाग म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत समस्त जिले म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. संयुक्त संचालक, लोकशिक्षण समस्त संभाग म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
8. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग/जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान समस्त जिले म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी/विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. संस्था प्रधान (प्राचार्य/प्रधानाध्यापक) समस्त प्राथमिक,माध्यमिक, एक परिसर एक शाला वाले हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी शाला म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

26/3/21

आयुक्त
राज्य शिक्षा केन्द्र

परिशिष्ट–1

विद्यार्थियों हेतु प्रमाण पत्र की शब्द सामग्री

म.प्र.
शासन
का मोनो

शासकीय —————शाला

ग्राम/वार्ड ——————

संकुल ————— विकासखंड ——————— ज़िला ——————

---

## प्रशस्ति पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि, सुश्री/श्री ——————————————आत्मज/आत्मजा, श्रीमती —————— एवं श्री —————— ने वर्ष 2020–21 के वार्षिक मूल्यांकन में कक्षा ————में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय परिवार, इनकी इस उपलब्धि के लिये बधाई देता है और कर्मठ तथा सुखमय भविष्य की कामना करता है।

| | | |
|---|---|---|
| हस्ता. | हस्ता. | हस्ता. |
| (————नाम—————) | (————नाम—————) | (————नाम—————) |
| **शाला प्रमुख एवं सचिव, शाला प्रबंधन समिति** | **उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति** | **अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति** |

परिशिष्ट–2

पालकों हेतु प्रमाण पत्र की शब्द सामग्री

म.प्र. शासन का मोनो

शासकीय ————————शाला

ग्राम/वार्ड ————————

संकुल ———————— विकासखंड ———————— ज़िला ————————

## प्रशस्ति पत्र

श्रीमती ———————— एवं श्री ———————— की पुत्री/पुत्र, सुश्री/श्री ———————— ने वर्ष 2020–21 के वार्षिक मूल्यांकन में कक्षा ———————— में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यार्थी की इस उपलब्धि में उनके अभिभावकों की भूमिका भी सराहनीय है। अभिभावकों का निरन्तर सहयोग एवं मार्गदर्शन, विद्यार्थियों को सर्वोतम प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित करता है।

विद्यालय परिवार, विद्यार्थी की इस उपलब्धि हेतु अभिभावक को बधाई देता है और कर्मठ तथा सुखमय भविष्य की कामना करता है।

| | | |
|---|---|---|
| हस्ता. | हस्ता. | हस्ता. |
| (————नाम————) | (————नाम————) | (————नाम————) |
| **शाला प्रमुख एवं सचिव, शाला प्रबंधन समिति** | **उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति** | **अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति** |